Title: Need to send a team to Jalaun in U.P. to survey crops affected by weeds.-Laid

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन): मेरा संसदीय क्षेत्र जालौन कृषि प्रधान क्षेत्र है। यहां की बहुसंख्यक आबादी कृषि उत्पादों पर निर्भर रहती है। मैं यहां के कुठौंद क्षेत्र की एक प्रमुख कृषि समस्या पर आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं। इस क्षेत्र की सारी कृषि योग्य भूमि में माह दिसम्बर में फसल के साथ एक पीली कांटेदार खरपतवार पैदा हो जाती है, यह खरपतवार फसल को पैदा नहीं होने देती है तथा किसी अन्य फसल की संभावना को समाप्त कर देती है। क्षेत्र के किसान इस समस्या से बेहद परेशान हैं और लगातार नुकसान सहन कर रहे हैं। कुठौंद के अतिरिक्त माधोगढ़ और रामपुरा क्षेत्रों में भी यह खरपतवार किसानों की फसल को लगातार नुकसान कर रही है।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि केन्द्र से एक सर्वेक्षण टीम भेजकर इस खरपतवार की जांच फरवरी से अप्रैल माह के बीच कराई जाये और इसका निराकरण किया जाये, जिससे क्षेत्र के किसानों को इस समस्या से मुक्ति मिल सके।